दिनांक : 11.12.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रीय फिल्म विरासत निगम से होगा पुरानी फिल्मों का संरक्षण, कहा केन्द्रीय मंत्री एल मुरूगन ने।
- भारतीय रेलवे का किराया दुनिया में सबसे कम।
- जल जीवन मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित होंगे।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी20 मैच आज।

फिल्मों का डिजिटलीकरण

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि सरकार पुरानी फिल्मों के संरक्षण और डिजिटलीकरण के लिए राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन को लागू कर रही है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में डॉ. मुरुगन ने बताया कि अब तक इस मिशन के अंतर्गत एक हजार चार सौ 69 फिल्मों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। इन फिल्मों की अवधि 43 लाख मिनट है। इनमें फीचर फिल्में, लघु फिल्में और वृत्तचित्र शामिल हैं।

डिजिटलीकृत और पुनर्स्थापित फिल्मों का रखरखाव भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार द्वारा किया जाता है। श्री मुरुगन ने कहा कि सरकार बंगाली सहित सभी भारतीय भाषाओं के फिल्म निर्माताओं का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय अपनी फिल्म सामग्री विकास, संचार तथा प्रसार योजना के माध्यम से फिल्मों के निर्माण और प्रचार के लिए वित्तीय तथा अन्य सहायता भी प्रदान करता है।

संसद कार्य

राज्यसभा में आज राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आगे की चर्चा होगी। यह चर्चा केन्द्रीय मंत्री और सदन के नेता जे पी नड्डा के संबोधन के साथ समाप्त होगी। इसके बाद राज्य सभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा शुरू होगी।

वैष्णव-रेलवे

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कहा कि भारतीय रेलवे का किराया विश्व में सबसे कम है। उन्होंने कल संसद में बताया कि भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में यात्रा को किफायती बनाए रखने के लिए 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दी है। रेल मंत्री ने कहा कि पड़ोसी देशों की तुलना में भारत अपने यात्रियों को सबसे किफायती परिवहन सुविधा प्रदान कर रहा है।

शिल्प दीदी-वस्त्र

वस्त्र मंत्रालय में सचिव नीलम शमी राव ने कहा है कि सरकार के शिल्प दीदी कार्यक्रम ने महिला उद्यमियों को अपनी आय बढ़ाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि कुछ शिल्प दीदियों की आय 5 लाख रुपये से अधिक हो गई है। वस्त्र सचिव ने राष्ट्रीय हस्तशिल्प और विरासत सप्ताह के अवसर पर कल नई दिल्ली में संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि इस पहल से सरकार देश की महिला कारीगरों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए मंच प्रदान कर रही है।

एसआईआर

मंडला जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य अंतिम चरण में है। शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो चुका है। कुल 8 लाख16 हजार 651 मतदाता में से 7 लाख 44 हजार 410 मतदाता का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो गया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि ..

जल जीवन मिशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को जल स्रोतों में सीवरेज का दूषित जल मिलने से रोकने की कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये हैं। डॉ. यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच एवं स्व-सहायता समूहों को सम्मानित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस आशय के निर्देश कल लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जल स्रोतों में सीवरेज का दूषित जल किसी भी स्थिति में नहीं मिले और इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन मध्यप्रदेश इस कार्य को मार्च 2027 तक पूर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल पेश करेगा।

डी.जी.सी.ए.- इंडिगो

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय -डी.जी.सी.ए. ने गुरुग्राम स्थित इंडिगो के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक विशेष निगरानी दल का गठन किया है।

डीजीसीए ने एक आदेश जारी कर इसकी घोषणा की। इसका उद्देश्य उड़ान में देरी होने और इसके रद्द होने की स्थिति में यात्रियों को होने वाली असुविधा को दूर करना है।

जनगणना-अनुराग जैन

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिये है कि आगामी जनगणना 2027 के दृष्टिगत प्रशासनिक इकाइयों में जो भी परिवर्तन किये जाने हैं वे 31 दिसम्बर 2025 तक अनिवार्यतः कर लिये जांए। मुख्य सचिव श्री जैन की अध्यक्षता में कल मंत्रालय में भारत की जनगणना 2027 के दृष्टिगत राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 अप्रैल से 30 सितम्बर 2026 के दौरान 30 दिवस की अवधि में किया जायेगा। मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि स्कूली बच्चों की पढ़ाई, मानसून इत्यादि को ध्यान में रखते हुए उक्त 30 दिवस की अवधि निर्धारित की जायें।

लोक अदालत

प्रदेश में 13 दिसम्बर को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने समस्त आयुक्त नगरपालिक निगम और समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद और नगर परिषद के प्रमुख अधिकारियों को पत्र लिखकर लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित प्रकरणों का निराकरण किये जाने के निर्देश जारी किये हैं।

क्रिकेट - भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी-20 क्रिकेट मैच आज शाम सात बजे से चण्डीगढ के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में एक-शून्य से आगे है। कटक में हुए पहले टी-20 में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से हराया था। सीरीज का तीसरा मैच धर्मशाला में, चौथा लखनऊ में और अंतिम मैच अहमदाबाद में खेला जाएगा।

मौसम

प्रदेश में चल रही शीत लहर के कारण कड़ाके की ठंड बढ़ गई है। कई जिलों का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। शहडोल के कल्याणपुर में पारा 3.0 डिग्री सेल्सियस, उमरिया में 4.9, राजगढ़ और पचमढ़ी में 5.2, इंदौर में 5.4 और शाजापुर के गिरवर में 5.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं प्रदेश में सबसे कम अधिकतम तापमान सतना के चित्रकूट और बालाघाट के मलाजखंड में 24.1, अमरकंटक में 24.4, नरसिंहपुर में 25.2 और बैतूल में 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिन और शीत लहर चलने की संभावना जताई है।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले के जनपद पंचायत पोहरी के ग्राम अहेरा में जिला स्तरीय जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।
- नर्मदापुरम जिले की इटारसी में सरकारी कन्या कॉलेज में कल मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर जीवन, समानता और स्वतंत्रता के अधिकार का संदेश दिया।
- आगरमालवा जिला चिकित्सालय सभाकक्ष में कल राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक में मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्यसहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
- कटनी में समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में गुरूवार तक कुल 4 हजार 580 कृषकों से अब तक 42 हजार 380 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 38 हजार 986 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है
- कटनी में किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान से अवगत कराने हेतु कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा रथ भ्रमण के माध्यम से नरवाई प्रबंधन जागरूकता अभियान चलाया गया है।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कल जल निगम के अंतर्गत गोपीकृष्ण समूह जलप्रपात योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

-------